कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल में एक–दिवसीय राजभाषा कार्यशाला का आयोजन

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल में दिनांक 04 सितम्बर, 2019 को **"राजभाषा कार्यान्वयन : दैनिक कामकाज में कार्मिकों के लिए ध्यान देने योग्य बातें"** विषय पर एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मण्डल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। मण्डल के अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) ए. के. मिश्रा, सदस्य डॉ. पी. के. चक्रवर्ती एवं डॉ. के. के. सिंह ने आगंतुकों का स्वागत किया एवं पूर्ण कार्य हिंदी में करने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया। इस सुअवसर पर मंडल में हिन्दी के प्रभारी डॉ. सुरेश पाल ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यशाला के विशिष्ट अतिथियों डॉ. विचार दास, पूर्व निदेशक, केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, नई दिल्ली एवं श्री अशोक कुमार, सहायक निदेशक (राजभषा), कार्मिक प्रतिभा प्रबंधन केन्द्र, नई दिल्ली (डी.आर.डी.ओ.) ने हिन्दी के दैनिक कामकाज में आने वाली समस्याओं पर विचार व्यक्त करते हुए उनके समाधान बताये।